
# कवच प्रणाली

[स्रोत: फाइनेंसियल एक्सप्रेस]

हाल ही में **भारतीय रेलवे** ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कवच प्रणाली को लागू करने में तेज़ी लाने के लिये **रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** एवं **क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड** के साथ एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है।

- [कवच] को तीन भारतीय संगठनों के सहयोग से [अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (RDSO)] द्वारा विकसित किया गया था और यह टकराव-रोधी क्षमताओं के साथ कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के रूप में कार्य करता है।
- इसे भारत की **राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली** के रूप में नामित किया गया है और यह सुरक्षा अखंडता स्तर -4 (SIL-4) मानकों को पूरा करता है।
    - ATP सिस्टम वह सुरक्षा तंत्र है जो ट्रेन की गति की निगरानी करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सिग्नल द्वारा निर्धारित गति के साथ संरेखित हो। यदि ट्रेन इस गति सीमा से अधिक हो जाती है, तो ATP ट्रेन को रोकने के लिये आपातकालीन ब्रेक लगा देता है।
- इसके अतिरिक्त,यह सिस्टम **आपातकालीन SOS संदेश** प्रसारित करता है तथा नेटवर्क मॉनिटर सिस्टम के माध्यम से ट्रेन की गतिविधियों की केंद्रीकृत लाइव निगरानी प्रदान करता है।
- तेलंगाना के सिकंदराबाद में [भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (IRISET)], कवच के लिये **'उत्कृष्टता केंद्र'** के रूप में कार्य करता है।




**और पढ़ें:** [भारतीय रेलवे में रेल का पटरी से उतरना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kavach-system-1